# आज मनेगी जन्माष्टमी, सजेगा कृष्ण दरबार

## आज गूंजेगा कान्हा का जन्मोत्सव



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 3 सितंबर. धर्मनगरी नर्मदापुरम शुक्रवार को 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंजेगी. रोहिणी नक्षत्र के पावन संयोग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी के रूप में श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा. शहर के मंदिरों में विद्युत सज्जा, फूलों की सजावट और आकर्षक झांकियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. वहीं, घरों में भी लड्डू गोपाल के स्वागत की तैयारियां चल रही हैं.**

जन्माष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है. घरों में बाल गोपाल की पूजा-अर्चना, अभिषेक और श्रृंगार की तैयारियां की जा रही हैं. भगवान को भोग लगाने के लिए विशेष पकवान और फलाहार भी तैयार किए जाएंगे. रात 12 बजे कान्हा के प्राकट्य के समय मंदिरों और घरों में शंखनाद, घंटियों और जयकारों के बीच जन्मोत्सव मनाया जाएगा.

**पोशाकों और श्रृंगार सामग्री की बढ़ी मांग-** जन्माष्टमी के चलते बाजार भी कान्हा की भक्ति के रंग में रंग गए हैं. लड्डू गोपाल की आकर्षक पोशाकों के साथ मुरली, मुकुट, आसन और झूलों की मांग बढ़ी है. कांच, मोती, सितारा और डायमंड वर्क वाली पोशाकें श्रद्धालुओं को विशेष रूप से पसंद आ रही हैं.

**सेठानी घाट पर 300 साल पुराने विग्रह-** नर्मदा तट के प्रसिद्ध सेठानी घाट पर भगवान श्रीकृष्ण और उनके ज्येष्ठ भ्राता बलदाऊ जी के करीब 300 वर्ष पुराने पाषाण विग्रह एक साथ विराजमान हैं. जन्माष्टमी पर यहां दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की विशेष आस्था रहती है. मंदिर से जुड़े पुजारी कमल वल्लभ गोस्वामी के अनुसार, श्रीकृष्ण-बलदाऊ की पूजा की परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है और वर्तमान में चौथी पीढ़ी इसका निर्वहन कर रही है.

नर्मदा की पावन धारा के किनारे विराजमान दोनों भाइयों के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभव का अवसर बनते हैं. रात में भगवान के प्राकट्य के साथ ही मंदिरों में घंटा-घड़ियाल और शंखनाद के बीच जय श्रीकृष्ण के जयघोष गूंजेंगे. श्रद्धालु बाल स्वरूप के दर्शन कर सुख-समृद्धि और लोककल्याण की मंगलकामना करेंगे.

## बलवटे परिवार में मनेगा दो दिवसीय कृष्ण जन्मोत्सव



**हरदा , 3 सितंबर .** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी टिमरनी के बलवटे परिवार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है. भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव एवं भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी. इस अवसर पर भागवत कथाचार्य पंडित नारायण आचार्य के साथ रामदरबार में आयोजित भव्य भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक जयसिंह एवं गोपाल सिंह, कुड़ावा अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण में मंत्रमुग्ध करेंगे. भजन संध्या में तबले पर गोविंद गौर, बालागांव, वायलिन पर उमेश गंधर्व, सोनकच्छ तथा बांसुरी पर सीताराम, मूंदी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे. दो दिवसीय इस आयोजन में भागवत कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं भक्ति संगीत की त्रिवेणी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी. आयोजन के दौरान रामदरबार परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहेगा. बलवटे परिवार ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव एवं इस धार्मिक आयोजन का लाभ लेने का आग्रह किया है.

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगी भव्य पालकी यात्रा



**हरदा , 3 सितंबर .** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी. समिति से जुड़े सुभाष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पालकी यात्रा का यह 18वां वर्ष है.

उन्होंने बताया कि 4 सितंबर, शुक्रवार को शाम 6 बजे भव्य पालकी यात्रा केसरी नंदन हनुमान मंदिर, बायपास से प्रारंभ होगी. यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सत्यनारायण मंदिर, टांक चौराहा पहुंचेगी, जहां इसका समापन किया जाएगा. पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं. समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से पालकी यात्रा में शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है.

## एक नजर में




### टिमरनी जन विश्वास शिविर में 184 आवेदन

**हरदा, 3 सितंबर .**मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत गुरुवार को टिमरनी के फारेस्ट डिपो नीलामी हॉल में क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर आयोजित किया गया. शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए. साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्राप्त किए गए. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि शिविर में फार्मर रजिस्ट्री, आधार-समग्र में सुधार, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई गईं. शिविर में कुल 184 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका समय-सीमा में निराकरण कराया जाएगा. उन्होंने किसानों से सहकारी समितियों की सदस्यता लेने की अपील भी की. शिविर में पीएम आवास योजना के 20, पीएम स्वनिधि योजना के 12 तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के 4 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए. इसके अलावा जाति प्रमाण-पत्र, खसरा नकल, पेंशन, संबल पंजीयन सहित अन्य हितलाभ भी वितरित किए गए. विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए थे. पुलिस अधीक्षक शशांक ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के प्रति जागरूक किया. उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष देवेन्द्र भारद्वाज, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, एसपी शशांक, एडीएम अनुपमा चौहान, एएसपी अमित कुमार मिश्रा, एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे. कार्यक्रम के अंत में परिसर में पौधरोपण किया गया.

### मुख्य मार्ग पर खड़ी रही दुर्घटनाग्रस्त बस

**पिपरिया, 3 सितंबर.** पिपरिया-पचमढ़ी मार्ग पर मंगलवार को बस और कार की भिड़ंत के बाद दुर्घटनाग्रस्त बस बुधवार को भी मुख्य मार्ग पर खड़ी रही. इससे मार्ग पर यातायात प्रभावित होने के साथ ही दोबारा दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. मंगलवार को पिपरिया से पचमढ़ी जा रही मां शारदा ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 05 पी 0282 और पचमढ़ी की ओर से आ रही कार क्रमांक 24 बीएच 1922 की आमने-सामने टक्कर हो गई थी. हादसे में कार सवार गंभीर रूप से घायल हुआ, जबकि बस में सवार 26 यात्रियों को चोटें आईं। इनमें से 14 यात्रियों को उपचार के लिए नर्मदापुरम रेफर किया गया था. टीआई मदन पवार ने बताया कि स्टेशन रोड पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बस को सुरक्षा की दृष्टि से मालिक की सुपुर्दगी में रखा गया है और उसकी जब्ती की कार्रवाई की जाएगी. आरटीओ प्रमोद कापसे ने बताया कि बस का परमिट, फिटनेस और इंश्योरेंस वैध है. बस टेंपरेरी परमिट लेकर जा रही थी। पुलिस से दुर्घटना संबंधी जानकारी मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनास्थल के दोनों ओर मोड़ हैं और सड़क अपेक्षाकृत संकरी है. यात्रियों ने बस की तेज रफ्तार और अधिक सवारियां होने की बात भी बताई। दुर्घटना के बाद बस को क्रेन से उठाकर मुख्य मार्ग पर पिपरिया की ओर मुंह करके खड़ा कर दिया गया था. बुधवार शाम तक बस और कार दोनों मार्ग पर खड़े दिखाई दिए। नागरिकों ने वाहनों को जल्द हटाने की मांग की है, ताकि आगे दुर्घटना की आशंका न रहे.

पचमढ़ी बस स्टैंड पर मौजूद नागरिकों के अनुसार मंगलवार शाम को जाने वाली एक बस सेवा भी नहीं गई, जिसके यात्री बाद में इसी बस में गए. यात्रियों ने पिपरिया-पचमढ़ी मार्ग पर विशेषकर शाम के समय बसों में अत्यधिक भीड़ होने की बात भी कही.

# वक्फ बोर्ड अध्यक्ष से मिले समाजजन

## शिक्षा योजनाओं पर हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज़**
**नर्मदापुरम, 3 सितंबर .मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सनवर पटेल के नर्मदापुरम प्रवास के दौरान अंजुमन मुफीदुल इस्लाम कमेटी द्वारा नर्मदा ब्रिज फोरलेन पर उनका भव्य स्वागत किया गया.**

इस दौरान सनवर पटेल ने कमेटी के सदस्यों एवं समाज के प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर संवाद किया. उन्होंने मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी देते हुए कहा कि बोर्ड समाज के अंतिम तबके तक पहुंचकर जरूरतमंद लोगों के लिए जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है. उन्होंने बताया कि वक्फ बोर्ड द्वारा छात्रवृत्ति, पुस्तक वितरण और यतीम बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. बोर्ड का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षक बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है. स्वागत कार्यक्रम में अंजुमन मुफीदुल इस्लाम कमेटी के अध्यक्ष जब्बार खान, शेख हबीब, या अली अखाड़ा के उस्ताद बबलू भाई, घूडन बाबा, सम्मू खान, मोना खान सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे.

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**हरदा ,3 सितंबर .मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत टिमरनी में आयोजित क्लस्टर स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

उन्होंने सीनियर उत्कृष्ट कन्या एवं एससी-एसटी छात्रावास में भोजन, पेयजल व आवासीय व्यवस्थाएं देखीं और योग, रचनात्मक गतिविधियों तथा अंग्रेजी शिक्षण की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए. आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पानी का कनेक्शन कराने तथा स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.



उपभोक्ता भंडार में अपात्र उपभोक्ताओं के नाम हटाने और खुले नाले को बंद कराने को कहा. आंगनवाड़ी में पोषण आहार वितरण एवं कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर उन्हें सुपोषित श्रेणी में लाने के निर्देश दिए. मुक्तिधाम में काष्ठ भंडारण कक्ष की छत की मरम्मत तथा माध्यमिक शाला में बच्चों के लिए बेंच उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए. निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान, एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया , जिला शिक्षा अधिकारी डी एस रघुवंशी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

# विद्यार्थियों ने कलेक्टर से साझा किए मैदानी अनुभव

## भ्रमण के बाद विकास की संभावनाओं पर हुई चर्चा

**हरदा , 3 सितंबर . मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट) भोपाल के 35 विद्यार्थियों ने हरदा जिले का शैक्षणिक भ्रमण किया. भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से मुलाकात की.**




इस दौरान विद्यार्थियों ने जिले में भ्रमण के दौरान मिले मैदानी अनुभव साझा किए और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं पर चर्चा की. विद्यार्थियों ने जिले के बुनियादी ढांचे से जुड़े सुझाव दिए. उन्होंने स्थानीय आवश्यकताओं, तकनीकी सुधारों और विकास से जुड़े विषयों पर अपना फीडबैक साझा किया.कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने विद्यार्थियों के रचनात्मक विचारों की सराहना की. उन्होंने प्रशासनिक कार्यप्रणाली और मैदानी स्तर पर आने वाली चुनौतियों की जानकारी दी.

कलेक्टर ने कहा कि जिले में कृषि के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं. औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं. जिले में सड़क संपर्क बेहतर बनाने के लिए भी कार्य किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि गांवों में कचरा वाहनों के माध्यम से कचरा एकत्र किया जा रहा है. कलेक्टर ने विद्यार्थियों को जिले में भविष्य की संभावनाओं और किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी दी. इस अवसर पर संस्थान के प्रोफेसर मनमोहन कापसे और सुश्री अलका भरत भी उपस्थित रहे.

### खापरखेड़ा-धनासरी मार्ग पर गड्ढों से परेशानी

**पिपरिया, 3 सितंबर .** खापरखेड़ा से धनासरी मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से ग्रामीणों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. मार्ग पर पेंचवर्क कराने की मांग को लेकर धनासरी के ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र सौंपा.

हेमंत पटेल, तुलसीलाल पटेल, संतोष पटेल सहित ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है. छोटी कारें भी गड्ढों से निकलते समय दुर्घटनाग्रस्त होने से बची हैं. ग्रामीणों के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग पर पेंचवर्क कराया जाना था, लेकिन अब तक काम नहीं हुआ है. उन्होंने एसडीएम से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की मांग की.

# कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर दिए निर्देश



## भवन के सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज़**
**नर्मदापुरम, 3 सितंबर . मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने गुरुवार को सांदीपनि विद्यालय पिपरिया पहुंचकर विद्यालय में चल रहे निर्माण एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया.**

उन्होंने विद्यालय के विभिन्न खंडों का भ्रमण कर भवन की स्थिति का जायजा लिया तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा कक्षाओं में पहुंचे और विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया. उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली. इस दौरान कलेक्टर बच्चों के बीच शिक्षक की भूमिका में नजर आए और पाठ्यपुस्तक से विद्यार्थियों को पाठ भी पढ़ाया. उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली.

कलेक्टर ने विद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिए कि स्कूल भवन का हैंडओवर सभी आवश्यक सुधारात्मक कार्य पूर्ण होने के बाद ही लिया जाए. उन्होंने भवन में जहां भी कमियां हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराने तथा शेष सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए.

### मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण पूरा

**पिपरिया, 3 सितंबर .** ग्राम पंचायत ऊंटियाकिशोर में मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्यों का त्रिस्तरीय सामाजिक अंकेक्षण एवं सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है. इसके बाद आज विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा. विकासखंड समन्वयक राजेश कुमार ग्यारसे ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक कराए गए.

# कृषि समस्याओं के निराकरण की मांग

## राष्ट्र किसान मजदूर महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**पिपरिया, 3 सितंबर .राष्ट्र किसान मजदूर महासंघ ने बलराम जयंती महोत्सव एवं रक्षाबंधन पर्व को ज्ञापन दिवस के रूप में मनाते हुए कृषि एवं किसानों से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की.**

महासंघ के पदाधिकारियों ने नर्मदापुरम पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर नितिन टाले को ज्ञापन सौंपा. जितेंद्र भार्गव सहित पदाधिकारियों ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और भगवान बलराम किसानों के आराध्य हैं. उन्होंने विधानसभा भवन और वल्लभ भवन के सामने भगवान बलराम की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की. साथ ही किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने, संपूर्ण ऋण मुक्ति, समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी की गारंटी सुनिश्चित करने मुक्त करने की मांग रखी. महासंघ ने मंडी अधिनियम 1972 का सख्ती से पालन कराने, किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने, ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया सरल करने और मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का सुचारू संचालन कराने की मांग की.

**आयोजन** महोत्सव बायपास रोड स्थित मानकर अस्पताल के सामने इस्कॉन केंद्र में आयोजित होगा

# इस्कॉन हरदा में आज भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव

**हरदा , 3 सितंबर .हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस्कॉन हरदा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का भव्य आयोजन आज 4 सितंबर को श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जाएगा. एक दिवसीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव खंडवा बायपास रोड स्थित मानकर अस्पताल के सामने इस्कॉन केंद्र में आयोजित होगा.**



महोत्सव का शुभारंभ शाम 5 बजे भजन एवं हरिनाम संकीर्तन के साथ होगा. इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण का महाअभिषेक किया जाएगा. जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष श्रीकृष्ण कथा का आयोजन भी होगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी शिक्षाओं और दिव्य लीलाओं का वर्णन किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान सत्संग एवं महाआरती का आयोजन होगा. मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा. आयोजकों ने बताया कि सत्संग कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की भक्ति, भगवद्गीता एवं आध्यात्मिक जीवन से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त होगा. जन्माष्टमी केवल भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति, सेवा, करुणा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देने वाला पर्व है. आयोजन के माध्यम से बच्चों और युवाओं को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं तथा भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं से परिचित कराने का भी प्रयास किया जाएगा. महोत्सव में बच्चों, युवाओं और परिवारों सहित सभी आयु वर्ग के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा. कार्यक्रम के समापन के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी. श्रद्धालुओं, परिवारों और कृष्ण भक्तों से सपरिवार आयोजन में शामिल होने की अपील की गई है.

### जहवा खान के निधन पर शोकसभा

**पिपरिया, 3 सितंबर .** सर्वसमभाव की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने वाले जहवा खान के निधन पर अनहद साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं लोककला मंच की ओर से शोक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई.

मंच के सदस्यों ने गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जहवा खान ने 22 अगस्त को अनहद के आयोजन में संत महिमा गान के साथ व्याख्यान कार्यक्रम की शुरुआत कराई थी. उनका संत महिमा गान राष्ट्रप्रेम और सर्वधर्म समभाव की भावना से ओतप्रोत रहता था. सदस्यों ने उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की.

# पौधों को राखी बांधकर लिया संरक्षण का संकल्प

**नवभारत न्यूज़**
**नर्मदापुरम, 3 सितंबर. शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय में बलराम जन्मोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया.**

इस अवसर पर भगवान बलराम एवं श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों, उनके अवदान और लोककल्याणकारी कार्यों पर जानकारी साझा की गई. कार्यक्रम की विशेष पहल के तहत छात्राओं ने पौधों को राखी बांधकर उनके संरक्षण एवं सुरक्षा का संकल्प लिया. महाविद्यालय की प्राचार्य



डॉ. संगीता अहिरवार ने कहा कि भगवान बलराम को शक्ति, कृषि और बल का देवता माना जाता है. वे भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई होने के साथ किसानों के आराध्य भी हैं. उनका हल शक्ति, कृषि और गुरु तत्व का प्रतीक है.

प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जीसी पांडे ने भगवान बलराम के युद्ध कौशल एवं गदायुद्ध में उनकी दक्षता पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि भगवान बलराम ने भीम और दुर्योधन को गदायुद्ध की शिक्षा दी थी और महाभारत युद्ध के दौरान तटस्थ रहे. वहीं डॉ. हर्षा चचाने ने छात्राओं को भगवान बलराम के जन्म, माता-पिता एवं उनके शौर्य की गाथाओं से अवगत कराया. कार्यक्रम का संचालन कु. काजल बाथरे ने किया तथा आभार कुमारी पूजा गोस्वामी ने व्यक्त किया. डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. हेमंत चौधरी, डॉ. विजया देवासकर रहें.